तापमान
अधिकतम 33 .5°C
न्यूनतम 13 .7°C

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

10 बैठक में अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल



11 सर्वोच्च माता पुरस्कार प्रतियोगिता में मीनू प्रथम



खबर संक्षेप

जम्मू मेल की चपेट में आने से युवक की मौत

सोनीपत। दिल्ली-अंबाला रेलमार्ग पर सोनीपत सहकारी चीनी मिल के पास जम्मू मेल एक्सप्रेस की चपेट में आने से करीब 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। ट्रेन के लोको पायलट ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को सूचना दी। जीआरपी से जांच अधिकारी एएसआई अजय टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। शव की पहचान नहीं हो पाई है। मृतक के शरीर पर काले रंग की टी शर्ट व नीले रंग की जींस मिली है। जीआरपी का कहना है कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उपचाराधीन युवक ने पीजीआई में तोड़ा दम

सोनीपत। रेलवे स्टेशन की पार्किंग में बेहोशी की हालत में मिले युवक ने रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जांच अधिकारी एएसआई नरेश कुमार ने बताया कि 16 अक्तूबर की रात को रेलवे स्टेशन के सामने बनी पार्किंग में करीब 35 वर्षीय युवक बेहोशी की हालत में मिला था, जिसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया था। चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया था। जांच अधिकारी ने बताया कि युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस शिनाख्त के प्रयास कर रही है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि युवक की पहचान के लिए आसपास के थानों से संपर्क किया गया।

नकदी व सामान चुराने का आरोपी गिरफ्तार



गोहाना। शहर थाना गोहाना की पुलिस ने दुकान से सामान व नकदी चोरी करने के मामले में संलिप्त आरोपित गांव आहुलाना के मोहित उर्फ अनूप और सुरेश उर्फ भाटिया को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। कुलदीप ने बताया कि वह बाईपास के निकट दुकान चलाता है। उसने 19 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत दी थी कि रात को उसकी दुकान के गल्ले से लगभग 40 हजार रुपये, चांदी का कड़ा, बैट्री और तराजू चोरी कर लिया था। उसने मोहित और सुरेश पर चोरी का शक जताया था। पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया।

लोगों ने चार जगह जाम लगाया, शाम को बिजली कर्मियों की हड़ताल समाप्त

बिजली-पानी के लिए सड़कों पर शहरवासी, रात को आपूर्ति बहाल

- दिल्ली रोड, सुभाष चौक, ओल्ड डीसी रोड और रेलवे रोड पर लोग सड़कों पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गुरुग्राम व नूंह में बिजली वितरण के निजीकरण के विरोध में शुक्रवार दूसरे दिन भी बिजली निगम के कर्मचारी हड़ताल पर रहे। जिससे शहर में बिजली व पानी का संकट खड़ा हो गया। इससे नाराज लोगों दिल्ली रोड, सुभाष चौक और ओल्ड डीसी रोड स्थित नंदवानी नगर और शाम को रेलवे रोड के पास जाम लगा दिया। इससे रोडवेज बसों सहित अन्य वाहनों को रूट डायवर्ट करना पड़ा। साथ ही राहगीरों को आवाजाही में परेशानी झेलनी पड़ी। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाने का प्रयास किया। देर शाम सरकार व हड़ताली कर्मचारियों में सहमति के बाद हड़ताल समाप्त हो गई। देर रात तक शहर के अधिकांश हिस्से में बिजली व पानी की सप्लाई सुचारू हो गई। बिजली संकट का असर घरों से लेकर बाजारों और औद्योगिक इकाइयों तक दिखाई दिया। शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को पीने के पानी तक के लिए परेशान होना पड़ा। लोगों का कहना है कि बिजली नहीं होने से घरों में पानी खत्म हो गया है और अब खाना बनाने तक में दिक्कत आ रही है। कई जगह लोग जनरेटर चलाकर पानी भरने को मजबूर हुए। दूसरी ओर दुकानदारों और फैक्टरी संचालकों को जनरेटर का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे खर्च लगातार बढ़ रहा है। शहरों की कई कॉलोनियों में बिजली और पानी की समस्या से परेशान कॉलोनीवासियों ने दिल्ली रोड पर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पिछले दिन से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण घरों में पानी का संकट खड़ा हो गया है। लोग पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। दुकानदार भी जनरेटर चलाकर काम करने को मजबूर हैं। सूचना मिलने पर सेक्टर-27 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाया। पुलिस ने शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति सुचारू कराने का आश्वासन के बाद जाम खोल दिया।



सोनीपत। ओल्ड डीसी रोड पर नंदवानी नगर के पास जाम लगाते लोग। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। दुकानदारों को समझाते एसीपी अमित धनखड़।



सोनीपत। रेलवे रोड पर जाम लगाते दुकानदार।

सुभाष चौक पर क्रेन खड़ी कर रास्ता रोका

बिजली कटौती से परेशान कच्चे क्वार्टर मार्केट व आसपास के दुकानदारों ने सुभाष चौक के पास एटलस रोड पर हाइड्रा क्रेन खड़ी कर जाम लगा दिया। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि करीब 24 घंटे से बिजली नहीं आने के कारण उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। त्योहारी सीजन में बिजली संकट ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इससे पहले दुकानदारों ने वीरवार रात करीब 11 बजे भी बाजार में प्रदर्शन किया था। दुकानदारों ने चेतावनी दी कि यदि बिजली आपूर्ति जल्द बहाल नहीं हुई, तो वह दोबारा सड़क जाम करेंगे। सूचना मिलने पर एसीपी अमित धनखड़ और सिविल लाइन थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दुकानदारों को समझाकर जाम खुलवाया। दुकानदारों का कहना है कि बिजली के साथ पानी की किल्लत भी बढ़ रही है और कारोबार चलाना मुश्किल हो गया है। उसके बाद दुकानदारों को लेकर एसीपी अमित धनखड़ बिजली निगम के एसई मनिंद्र कादियान के पास पहुंचे और उन्होंने जल्द लाइन की जांच करवाकर बिजली सप्लाई शुरू कराने का आश्वासन दिया। दोपहर ढाई बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो पाई।

बड़ी में 35 घंटे से बिजली सप्लाई ठप व्यापारियों ने एसडीएम को दी शिकायत

गन्नौर। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में पिछले 35 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित होने से उद्योगपतियों की परेशानी बढ़ गई है। करीब 1200 फैक्ट्रियों में उत्पादन प्रभावित होने से करोड़ों रुपये का कारोबार प्रभावित होने की बात सामने आई है। बिजली संकट को लेकर बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन ने एसडीएम को शिकायत देकर समस्या के समाधान की मांग की है।एसोसिएशन में अध्यक्ष अमित गोयल व महासचिव वीरेंद्र जैन ने बताया औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्रियों में करीब



50 से 60 हजार लोग काम करते हैं। बिजली नहीं होने से उत्पादन और माल की आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

गोहाना में 16 में से 14 फीडरों की बत्ती गुल

गोहाना। बिजली कर्मचारियों के निजीकरण के विरोध में जारी धरने के चलते शहर से लेकर गांवों तक बिजली संकट गहरा गया है। शुक्रवार को शहर में 16 में से 14 फीडरों पर बिजली सप्लाई ठप होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। अधिकतर ग्रामीण बिजलीघरों में भी यही स्थिति बनी है। बिजली नहीं आने से जलघरों से पेयजल की आपूर्ति भी प्रभावित हुई।बिजली संकट से लोगों को नहाने की चिंता छोड़ पीने के पानी का इंतजाम करने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। बिजली संकट के चलते शहर में लोगों को घरेलू जरूरतों के लिए पानी जुटाना मुश्किल हो रहा है। रोडवेज कर्मियों ने सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बस स्टैंड परिसर में बिजली कर्मियों के समर्थन में प्रदर्शन किया।

पुलिस ने संभाला मोर्चा, शहर में कई जगह बहाल करवाई बिजली

- जिले के 39 संवेदनशील बिजली सब-स्टेशनों पर पुलिस कर्मचारी तैनात रहे

सोनीपत। जिलेभर में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के बीच आमजन को परेशानी से बचाने व आवश्यक सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला पुलिस आयुक्त ममता सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस कर्मियों ने प्रशासन के सहयोग से मोर्चा संभाला। जिले में विभिन्न स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर बिजली आपूर्ति बहाल करवाने में सहयोग किया। स्थिति पर निगरानी रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए जिले के 39 संवेदनशील बिजली सब-स्टेशनों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

बिजली आपूर्ति बहाल करवाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बीच शुक्रवार दोपहर करीब 3:30 बजे थाना खरखौदा प्रभारी ने निजी कर्मचारियों की सहायता और बिजली बोर्ड के एससी से समन्वय स्थापित किया। इसके बाद ब्रेकडाउन के कारण बंद पड़े खरखौदा शहर के 33 केवी पावरहाउस को चालू करवाया गया। पावरहाउस चालू होने से शहर में पेयजल आपूर्ति शुरू हो सकी। साथ ही सरकारी अस्पताल, खरखौदा में मरीजों का उपचार भी सुचारू रूप से शुरू हो पाया। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय सोनाक्षी सिंह भी लगातार फिल्ड में सक्रिय रहीं।



सोनीपत। खरखौदा पावर हाउस में बिजली आपूर्ति शुरू करवाते पुलिस कर्मचारी।

बस स्टैंड के पीछे सुनील फायर वर्क्स में वारदात

दुकान का शटर तोड़कर चोर बम-पटाखे और नकदी ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नखरखौदा

रोहतक-खरखौदा मार्ग पर बस स्टैंड के पीछे स्थित पटाखों की दुकान का शटर तोड़कर चोर बम-पटाखे, आतिशबाजी का अन्य सामान और नकदी चोरी कर ले गए। दुकानदार ने सुबह दुकान खोली तो शटर टूटा मिला। इसके बाद दुकान के अंदर जांच की तो सामान गायब मिला। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के वार्ड चार निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी



रोहतक-खरखौदा मार्ग पर बस स्टैंड के पीछे सुनील फायर वर्क्स के नाम से दुकान है। उसके पास पटाखे और बम बेचने का लाइसेंस है। 21 अक्तूबर की रात करीब दस बजे वह रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर चला गया था। 22 अक्तूबर की सुबह करीब छह बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचा तो शटर टूटा हुआ था। दुकान के अंदर जाकर देखा तो रैक और फर्श पर रखे अलग-अलग प्रकार के बम-पटाखे और आतिशबाजी का सामान गायब था। इसके अलावा गल्ले में रखी नकदी भी चोरी मिली। सुनील कुमार ने इनमें से एक युवक की पहचान रवि उर्फ डालडा निवासी खरखौदा के रूप में की है, जो तहसील के पीछे रहता है। दुकानदार ने रवि और उसके साथियों पर चोरी का आरोप लगाते हुए सामान बरामद कराने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ठेकेदार के कारिंदों पर दुर्व्यवहार का आरोप, डिपो धारकों ने किया प्रदर्शन

गोहाना। क्षेत्र के राशन डिपो धारकों ने राशन की सप्लाई करने वाली एजेंसी के ठेकेदार के कारिंदे पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया। इस पर डिपो धारकों ने जींद रोड स्थित गोदाम में प्रदर्शन किया। डिपो धारकों ने कहा कि ठेकेदार किसी बाहरी व्यक्ति को रखे हुए है। इसके साथ में जब राशन को डिपो पर भेजा जाता है तो वहां उतारने के लिए प्रति बैग पांच रुपये की मजदूरी उनसे ली जाती है। शुक्रवार को गांव मोई हुड्डा का राशन डिपो धारक अमर सिंह जींद रोड स्थित गोदाम से राशन लेने पहुंचा। उसका कहना है कि वह फोन आने पर गोदाम आया था। यहां पर ठेकेदार की जगह उसका कारिंदा था। उसने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और अपशब्द कहे। इसके बाद डिपो

- डिपो संचालक बोले-राशन की बोरी उतारने के लिए पैसे लिए जा रहे

धारक नवीन, अनिल, सुनील, देवेंद्र भी पहुंच गए। डिपो धारकों ने गोदाम पर कारिंदे को बाहरी व्यक्ति बताकर एतराज जताया। डिपो धारकों ने कहा कि जिस एजेंसी को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने डिपो पर राशन पहुंचाने का टेंडर दिया है, उसे ही वहां राशन उतारना होता है। ठेकेदार द्वारा डिपो धारकों से राशन उतारने पर पांच रुपये प्रति बैग लिए जाते हैं, जो गलत हैं। विवाद की सूचना मिलने पर सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी राजेश हुड्डा पहुंचे। दोनों पक्षों से बातचीत के बाद अधिकारियों को इसकी जानकारी दी।

चौपाल के सामान की बोली के विवाद में मकान में आग लगाने का आरोप

गन्नौर। खुबडू गांव में चौपाल के सामान की बोली के विवाद में घर में आग लगाने और जानलेवा हमला करने के आरोप में थाना गन्नौर पुलिस ने दो के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव के

- रामकरण की शिकायत पर पुलिस ने दो पर केस दर्ज किया

रामकरण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 अगस्त को चौपाल के सामान की बोली में रोहित और रणबीर के कहने पर उसने बोली लगाई थी। बोली 1.35 लाख रुपये में छूटने के बाद दोनों ने सामान लेने से मना कर दिया। आरोप है कि इसके बाद उसे धमकी दी गई। रामकरण के अनुसार, 20 अक्टूबर को उसके घर में रखे सामान में आग लगा दी गई। आग बुझाते समय रोहित ने उसे पीछे से पकड़ लिया और मोहित ने सिर पर किसी हथियार से वार कर दिया। इससे वह बेहोश हो गया। पत्नी ने डायल 112 पर सूचना दी। उसे गन्नौर नागरिक अस्पताल से खानपुर पीजीआइ रेफर किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- किसान बोले- आज से मांगों को लेकर धरना देंगे, 29 अक्टूबर को सहकारिता मंत्री की कोठी का घेराव

शुगर मिल के नवीनीकरण व पेराई सत्र शुरू करने में देरी का विरोध, शहर में किसानों का ट्रैक्टर मार्च

- किसानों के विरोध प्रदर्शन के चलते शहर में कई जगह जाम लगा, दिनभर परेशान रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शुगर मिल के नवीनीकरण, गन्ने के उचित भाव, पेराई सत्र शुरू करने में की जा रही देरी सहित लंबित मांगों को लेकर किसानों ने शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान वीरेंद्र पहल के नेतृत्व में शहर में ट्रैक्टर मार्च निकाला। कामी चौक से शुरू हुई यात्रा के कारण शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही। ट्रैक्टर मार्च शुगर मिल, सब्जी मंडी, मुरथल अड्डा, बस अड्डा, गीता भवन चौक, ककरोई रोड और छोटूराम चौक से होते हुए लघु सचिवालय पहुंचा। यहां किसानों ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। किसानों ने चेतावनी दी, कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। किसानों ने फेडरेशन के एमडी का तबादला करने, चीनी मिल की मरम्मत का काम किसी अनुभवी एजेंसी को सौंपने की मांग की।

इससे पहले किसानों ने 21 सितंबर को ट्रैक्टर मार्च निकाला था। किसानों ने स्पष्ट किया कि उनका मुख्य उद्देश्य मिल की मरम्मत समय पर पूरी कराकर नवंबर के पहले सप्ताह में पेराई सत्र शुरू करवाना है। वीरेंद्र पहल ने बताया कि प्रशासन ने टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के लिए 26 अक्टूबर तक का समय तय किया है, जबकि किसानों ने समाधान के लिए 28 अक्तूबर तक की मोहलत दी है। शनिवार सुबह 10 बजे से चीनी मिल परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि 28 अक्तूबर तक मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 29 अक्टूबर को किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों के साथ सहकारिता मंत्री की कोठी का घेराव करेंगे।



सोनीपत। तिरंगा चौक पर ट्रैक्टर मार्च में फंसे वाहन चालक।



उपायुक्त से बातचीत करते किसान नेता।

ट्रैक्टर लेकर सचिवालय पहुंचे जिले के किसान

किसान ट्रैक्टर लेकर शुगर मिल, सब्जी मंडी, मुरथल अड्डा होते हुए बस अड्डा, मामा मांजा चौक, गीता भवन, गोहाना रोड होते हुए छोटूराम चौक से लघु सचिवालय पहुंचे। इस दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रही। एक लेन पर किसानों के ट्रैक्टर चलने से वाहन चालक जाम से जूझते रहे। काफी देर बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

खुबडू के पास कार अनियंत्रित होकर खेतों में जा पलटी, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

खुबडू गांव के पास कार अनियंत्रित होकर खेतों में पलट गई। हादसे में समसपुर गामड़ा गांव के 29 वर्षीय अमित सैनी की मौत हो गई। वह इसराना में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में क्लर्क के पद पर कार्यरत थे। अमित सैनी ड्यूटी से घर लौट रहे थे। वह अपने एक रिश्तेदार की गाड़ी लेकर आ रहे थे। खुबडू के पास अचानक गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और वह खेतों में पलट गई। हादसे में अमित गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीर उन्हें गन्नौर के उपमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अमित की पहचान होने के बाद परिजनों और थाना गन्नौर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के नागरिक अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया। अमित अपने परिवार के इकलौते बेटे थे। उनके परिवार में पिता कश्मीर सैनी, पत्नी, छह साल की बेटी और पांच साल का बेटा है। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

- 29 वर्षीय अमित सैनी इसराना में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में क्लर्क था

रिढ़ाऊ में हादसा, कार पलटने से सैदपुर के दीपक की मौत

खरखौदा। गांव रिढाऊ में जोहड़ के पास तेज रफ्तार सफेद वरना कार पलटने से सैदपुर निवासी दीपक की मौत हो गई। हादसे के समय कार में तीन युवक सवार थे। प्रिंस ने चालक अमरजीत पर तेज गति और लापरवाही से कार चलाने का आरोप लगाया है। खरखौदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सैदपुर निवासी प्रिंस ने बताया कि 21 अक्टूबर को वह दीपक और अमरजीत के साथ गांव रिढाऊ से अपने दोस्त मोहित की सफेद वरना कार लेकर जा रहे थे। कार अमरजीत चला रहा था। प्रिंस का कहना है कि उसने चालक को कई बार कार धीरे और सावधानी से चलाने के लिए कहा, लेकिन वह तेज गति से गाड़ी चलाता रहा। ऐसे में तेज रफ्तार होने के कारण गांव रिढाऊ में जोहड़ के पास कार पलट गई। हादसे में दीपक को गंभीर चोटें आईं। उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल सोनीपत ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

- वाहन चालक पर लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में केस दर्ज

हादसे की सूचना मिलने पर फरमाणा चौकी पुलिस सरकारी अस्पताल सोनीपत पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले किया गया। पुलिस ने प्रिंस की शिकायत पर कार चालक अमरजीत के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है

नगर निगम चुनाव के बाद सेक्टर-23 स्थित सामुदायिक केंद्र में मेयर राजीव जैन की अध्यक्षता में हाउस की दूसरी बैठक

बैठक में अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, पार्षदों ने अनदेखी के लगाए आरोप





सोनीपत। सेक्टर-23 स्थित सामुदायिक केंद्र में नगर निगम हाउस की बैठक की अध्यक्षता करते मेयर राजीव जैन, आयुक्त हर्षित कुमार तथा मौजूद विभिन्न वार्डों के पार्षद। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बैठक में अवैध कूड़ा प्वाइंट खत्म करने के लिए जेबीएम कंपनी को दिए गए निर्देश

नगर निगम चुनाव के बाद शुक्रवार को शहर की सरकार की दूसरी हाउस की बैठक सेक्टर-23 ि स्थ त सामुदायिक केंद्र में मेयर राजीव जैन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निगम पार्षदों ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सदन में प्रस्ताव पारित होने के बावजूद जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान नहीं होने के आरोप लगाए। बैठक में पार्षदों ने निगम प्रशासन पर विकास कार्यों, सफाई, सीवरेज व्यवस्था, पेयजल, सीसीटीवी, पार्कों, बेसहारा पशुओं, बंदरों को जैसे मुद्दों पर सवालियां निशान उठाते हुए शहर की अनदेखी के कई आरोप लगाए। इनमें भाजपा के 17 व कांग्रेस के 5 पार्षद शामिल रहे। शहर में विकास कार्यों पर भले ही करीब 46.06 करोड़ रुपये खर्च होंगे, लेकिन सफाई से लेकर सीवरेज जाम, प्रभावित पेयजल आपूर्ति और खस्ताहाल सड़कों की समस्याओं को लेकर पार्षदों का गुस्सा नगर निगम की हाउस बैठक में खुलकर देखने को मिला। बैठक के पटल पर करीब 260 एजेंडे रखे गए, जिनमें से 200 से अधिक को मंजूरी दी गई। इस दौरान विकास कार्यों के एस्टीमेट पारित करने के साथ निगम की वेबसाइट mcsonipat.in भी लॉन्च की गई। पार्षदों ने सफाई व्यवस्था, सीवरेज जाम, पेयजल आपूर्ति, जलभराव, टूटी गलियों और प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियों का खुलकर मुद्दा उठाया। पार्षदों ने कहा कि लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए निगम कार्यालय के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि पिछली बैठकों में पारित प्रस्ताव भी लंबित पड़े हैं। पार्षदों ने लंबित कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

सफाई और सीवर व्यवस्था पर घिरे अधिकारी

वार्ड नंबर 21 की पार्षद दीपमाला संजय बड़वासनी ने शहर की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए। वार्ड-5 की पार्षद रीना मुकेश सैनी ने डंपिंग स्टेशन की समस्या उठाते हुए कहा कि इसके कारण आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होती। वार्ड-22 के पार्षद नवीन कुमार ने शास्त्री कॉलोनी में पार्क निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि 5 जून को हुई हाउस बैठक में उपलब्ध जगह पर पार्क बनाने पर सहमति बनी थी, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हुआ। पार्षदों ने कहा कि बैठकें केवल चर्चा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि पारित प्रस्तावों पर समयबद्ध कार्रवाई भी होनी चाहिए।

मेयर की अधिकारियों को फटकार

मेयर राजीव जैन ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जनसमस्याओं का गंभीरता से समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि हाउस में पारित प्रस्तावों पर कार्रवाई नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कदम उठाए जाएंगे। निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने सफाई और सीवरेज व्यवस्था सुधारने के निर्देश देते हुए लापरवाही करने वाली एजेंसियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा।

एक साल में शहर में 20 हजार स्ट्रीट लाइटें लगवाने का दावा, 2500 नई लाइटें खरीदने को मंजूरी

विकास कार्यों के लिए 46.06 करोड़ पर लगेगी मुहर

बैठक में विभिन्न वार्डों में सीवरेज नेटवर्क, पेयजल पाइपलाइन और सामुदायिक केंद्रों के निर्माण सहित कई विकास कार्यों के एस्टीमेट मंजूर किए गए। इनमें प्रमुख कार्य इस प्रकार हैं।

वार्ड-6 : फाजिलपुर में पेयजल पाइपलाइन के लिए 1.56 करोड़ और रेवली में सामुदायिक केंद्र के लिए 4.04 करोड़ रुपये।

वार्ड-7 : लिवासपुर से सेक्टर-4/27 जंक्शन तक सीवरेज नेटवर्क के लिए 9.44 करोड़, शामाबाद में 1.31 करोड़ और लिवासपुर में 7.98 करोड़ रुपये।

वार्ड-8 : जाट जोशी में सीवरेज व्यवस्था सुधारने के लिए 3.07 करोड़ रुपये। लिवान और जाट जोशी में सामुदायिक केंद्रों के निर्माण के लिए क्रमशः 4.14 करोड़ और 4.16 करोड़ रुपये।

वार्ड-9 : जगदीशपुर में सीवरेज नेटवर्क के लिए 4.06 करोड़ रुपये। सात एमएलडी क्षमता के डिस्पोजल सहित अन्य कार्यों के लिए 2.08 करोड़ और सामुदायिक केंद्र के लिए 4.21 करोड़ रुपये।

वेबसाइट दिखाएगी खर्च की सच्चाई

नगर निगम की वेबसाइट **mcsonipat.in** लॉन्च होने से शहरवासियों को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की सुविधा मिलेगी। वेबसाइट पर निगम का बजट, खर्च का ब्योरा और विकास कार्यों के एस्टीमेट भी उपलब्ध होंगे।

पार्षद प्रतिनिधियों के प्रवेश पर विवाद

बैठक की शुरुआत में महिला पार्षदों के प्रतिनिधियों को हाउस की बैठक में शामिल होने से रोकने पर विवाद नजर आया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बैठक में संबंधित महिला पार्षद ही शामिल होंगी। इस पर कुछ पार्षदों ने आपत्ति जताई।

सड़कों के सौंदर्यीकरण की संस्थाओं को जिम्मेदारी

शहर की प्रमुख सड़कों के सौंदर्यीकरण के लिए अलग-अलग संस्थाओं को जिम्मेदारी दी गई है। बहालगढ़ रोड और गोहाना रोड का सुंदरीकरण सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण करवाएगा। राठधाना रोड की जिम्मेदारी जिंदल ग्रुप और मुरथल रोड की जिम्मेदारी वन प्रस्था बिल्डर्स को सौंपी गई है। शहर के विभिन्न चौराहों के सुंदरीकरण की योजनाएं भी तैयार की जा रही हैं। निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने बताया कि एक साल में शहर में 20 हजार स्ट्रीट लाइट लगवाई गई हैं। इसके अलावा 2500 और लाइट खरीदने की मंजूरी दी गई है। बैठक में अवैध कूड़ा प्वाइंट खत्म करने के लिए जेवीएम कंपनी को भी निर्देश दिए गए।



अक्षित और विराट मुक्केबाजी में बने नेशनल चैंपियन

गोहाना। ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल, गोहाना के होनहार खिलाड़ी अक्षित ने सीबीएसई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर मुक्केबाजी में चौथी बार चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। इसके साथ ही स्कूल के दूसरे खिलाड़ी विराट भी राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के चैंपियन बने। शुक्रवार को दोनों खिलाड़ियों को स्कूल में एमडी अनिल मलिक और प्राचार्या उषा कौशिक ने पुरस्कृत किया। सीबीएसई द्वारा 8 से 11 अक्टूबर तक गुरुग्राम के भोंडसी स्थित आरबीएसएम स्कूल में राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप आयोजित की गई। चैंपियनशिप में अक्षित और विराट ने अपनी प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस सफलता में उनके कोच अनिल शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन और निरंतर प्रशिक्षण ने अक्षित और विराट को इस मुकाम तक पहुंचने में सहायता की। अक्षित और विराट के इस शानदार प्रदर्शन से स्कूल में खुशी का माहौल है एमडी अनिल मलिक ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

दो दिन में मची त्राहि-त्राहि, तीसरे दिन सड़क पर उतरेगी जनता कर्मियों की मांगें मान तुरंत बिजली बहाल करे सरकार: कमल

- सरकार की इस नाकामी ने लोगों की दैनिक दिनचर्या को नरक बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बिजली व्यवस्था के चरमराने से समूचे शहर में त्राहि-त्राहि मची हुई है। बत्ती गुल होने से आम जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया है और हर तबका बेहाल है। इस गंभीर संकट को लेकर कांग्रेस ने सीधे सत्ता पक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने सरकार की नीतियों को जनविरोधी और तानाशाही करार देते हुए तीखा प्रहार किया है। उन्होंने चेताया कि यदि सरकार ने अपनी हठधर्मिता छोड़कर बिजली कर्मचारियों की मांगें नहीं मानीं, तो जनता का यह गुस्सा सड़कों पर फूटेगा, सरकार के लिए इसे संभालना नामुमकिन हो जाएगा। वहीं, घरों में पानी की आपूर्ति रुक जाने से महिलाओं और बुजुर्गों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई चौपट है और इनवर्टर जवाब दे चुके हैं। सरकार की इस नाकामी ने लोगों की दैनिक दिनचर्या को नरक बना दिया है।

कर्मचारियों के सम्मान में खड़ी है कांग्रेस

कमल दिवान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर कदम पर आम जनता और कर्मचारियों के हक की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ेगी। कांग्रेस शासन में हमेशा जनभावनाओं और कर्मचारियों के अधिकारों को सर्वोपरि रखा गया है, जबकि वर्तमान हुकूमत केवल दमन की नीति जानती है। दीवान ने पुरजोर मांग की कि सरकार अविलंब निजीकरण का आत्मघाती फैसला वापस ले।



बिजली बाधित होने से प्रत्येक वर्ग पिस रहा

कमल दिवान ने जमीनी हकीकत बयां करते हुए कहा कि बिजली बाधित होने से समाज का प्रत्येक वर्ग पिस रहा है। छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी वालों, टेलरिंग, वेल्डिंग और विभिन्न मशीनों से पेट पालने वाले मध्यम वर्गीय कामगारों का धंधा पूरी तरह ठप हो चुका है। रोज कमाकर रोज खाने वालों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

निजीकरण : जनता पर थोपी जा रही सजा

शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि बिजली का निजीकरण केवल कुछ पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाने का तानाशाही षड्यंत्र है। सरकार अपनी मनमानी से जनता और कर्मचारियों दोनों पर जुल्म ढा रही है। अपनी नाकामी छुपाने के लिए तंत्र को निजी हाथों में सौंपने की जिद जनता पर सजा बनकर टूट रही है। यह सरकार की हठधर्मिता ही है कि जनहित से जुड़े इतने बड़े मुद्दे पर सत्ताधारी आंखें मूंदे बैठे हैं।



ओम शांति शिक्षा सदन में लेखन प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

राई। ओम शांति शिक्षा सदन विद्यालय में विद्यार्थियों की भाषाई दक्षता, शब्द-भंडार और लेखन-कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शब्द-संपदा एवं सुंदर लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शब्द-संपदा प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं की अदिति, कक्षा आठवीं के शौर्य और कक्षा सातवीं की रुचि ने सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की शब्दावली समृद्ध करना, भाषा के प्रति रुचि बढ़ाना तथा प्रभावशाली अभिव्यक्ति-कौशल विकसित करना रहा। वहीं, सुंदर लेखन प्रतियोगिता में कक्षा चौथी के रोनक, कक्षा सातवीं की रुचि और कक्षा आठवीं के अभिनव ने अपनी लेखन प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छ, स्पष्ट और आकर्षक लिखावट के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही एकाग्रता, धैर्य, अनुशासन और नियमित अभ्यास की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी क्षमताएं पहचानने और निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करती हैं।

बैंक विवरणों की जांच और आवश्यक दस्तावेज डिजिटल माध्यम से जमा करने की प्रक्रिया समझाई

डीईओ नवीन गुलिया ने शिक्षकों को एसएनए स्पर्श प्रणाली और वित्तीय प्रक्रियाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

रेणु विद्या मंदिर बहालगढ़ में 21 से 25 अक्टूबर तक पांच दिवसीय सीआरसी प्रमुख अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों और शिक्षकों ने भाग लिया। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों और प्राचार्यों को एसएनए स्पर्श हरियाणा प्रणाली तथा सरकारी योजनाओं से जुड़ी वित्तीय प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि डिजिटल व्यवस्था से सरकारी योजनाओं के लिए जारी राशि का उचित उपयोग सुनिश्चित करने के साथ ऑनलाइन बिल तैयार करने, उनकी जांच करने और भुगतान प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण



के दौरान एसएनए यानी सिंगल नोडल एजेंसी की कार्यप्रणाली, बजट आवंटन, लाभार्थियों और विक्रेताओं का पंजीकरण, बैंक विवरणों की जांच तथा आवश्यक दस्तावेज डिजिटल माध्यम से जमा करने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार कुलहाड़े एवं अन्य सदस्यों ने मुख्य अतिथि नवीन गुलिया का शॉल और पौधा भेंट कर स्वागत करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। संस्थान के चेयरमैन नानक चंद गुप्ता ने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे उपयोगी बताया।

एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने बिजली कर्मियों की हड़ताल को दिया समर्थन

वर्ष 2003 के बिजली कानून को रद्द करने के लिए केंद्र सरकार से सिफारिश करने की मांग

सोनीपत। एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने बिजली के निजीकरण के खिलाफ प्रदेशभर के बिजली कर्मचारियों की 3 दिवसीय हड़ताल का समर्थन किया है। राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि वर्तमान समय में बिजली मूलभूत जरूरत बन चुकी हैं। बिजली क्षेत्र में प्राइवेट कंपनियों के लिए घोर मुनाफा अर्जित करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। गुरूग्राम व नूंह में निजीकरण का रास्ता खोलकर सरकार पूरे प्रदेश में बिजली को बड़ी निजी कंपनियों को देना चाहती है। कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि वर्ष 2003 में बिजली कानून भाजपा की सरकार लेकर आई थी, जिसमें निजीकरण के रास्ते को प्रशस्त करने के लिए विद्युत नियामक आयोग का गठन किया गया था। एसयूसीआई कम्युनिस्ट प्रदेश सरकार से मांग करती है कि 2003 के बिजली कानून को रद्द करने के लिए वह केंद्र सरकार से सिफारिश करे। निजीकरण होने से बिजली और महंगी होगी। आम उपभोक्ता महंगे दामों पर बिजली नहीं खरीद पाने पर बिजली से वंचित हो जाएंगे। प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। बिजली कर्मचारियों को नौकरी से बाहर कर दिया जाएगा। भविष्य में बिजली विभाग में रोजगार के अवसर भी बहुत सीमित हो जाएंगे। ऐसे में बिजली को बड़ी प्राइवेट कंपनियों के कब्जे में देने के खिलाफ प्रदेश की जनता से अपील है कि वह इस आंदोलन में हिस्सा ले।

शिवा शिक्षा सदन के पूर्व विद्यार्थी केशव सिंगला ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में हासिल की ऑल इंडिया छठी रैंक

विद्यालय प्रबंधन ने कहा, केशव ने अपनी उपलब्धि से विद्यालय, परिवार व जिले का नाम किया गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिवा शिक्षा सदन के पूर्व छात्र केशव सिंगला ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में ऑल इंडिया छठी रैंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार व जिले का नाम गौरवान्वित किया है। वर्ष 2024-25 बैच के शिवियन केशव ने 485 अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत, लगन और शैक्षणिक प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया है। केशव की यह उपलब्धि उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। उनकी सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल रहा।



विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि पांच दशकों से अधिक की गौरवशाली शैक्षणिक विरासत वाला शिवा शिक्षा सदन विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक चुनौतियों के लिए तैयार करने में विश्वास रखता है। विद्यार्थियों में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने का आत्मविश्वास विकसित करने के लिए विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नियमित शैक्षणिक मूल्यांकन, मार्गदर्शन, अनुशासित अध्ययन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की संस्कृति को बढ़ावा देता है। साथ ही समर्पित शिक्षक विद्यार्थियों की व्यक्तिगत क्षमताओं को पहचानकर उन्हें निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता, मूल्यपरक शिक्षा और सर्वांगीण विकास का यही समन्वय विद्यार्थियों में महत्वाकांक्षा, आत्मविश्वास और उपलब्धि की भावना को मजबूत बनाता है। विद्यालय प्रबंधन ने केशव की शानदार सफलता पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ओपीएस की मन्नत राष्ट्रीय स्तर पर करेंगी प्रतिभा का प्रदर्शन

सेवा संकल्प अभियान के तहत राज्यस्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ चयन

गोहाना। गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल की कक्षा 8वीं की मेधावी छात्रा मन्नत सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगी। स्कूल की एमडी निर्मल लाठर और प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने छात्रा की इस उपलब्धि को लेकर उनको प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा के अनुसार इस अभियान के तहत 9 अक्तूबर को पानीपत स्थित आर्य पीजी कॉलेज में राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रा मन्नत ने इस प्रतियोगिता में जिला सोनीपत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मन्नत का चयन सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रीय भाषण प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया। इस चयन को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया और खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार पंघाल ने छात्रा मन्नत को बधाई दी। छात्रा को स्कूल की उप प्राचार्या रेखा बजाज, सेवा संकल्प समन्वयक मंजुलता, शिक्षिका मनीषा, मन्नत और अभिभावक स्वीटी ने छात्रा मन्नत को अपना आशीर्वाद दिया।



राजनीति बिजली वितरण का पैरेलल लाइसेंस देना निजीकरण की दिशा में एक बेहद घातक कदम

निजी कंपनियों के लिए काम कर रही प्रदेश सरकार



गोहाना। धरने पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते विधायक इंदुराज नरवाल।

- विधायक इंदुराज ने बिजली कर्मचारियों के धरने पर जाकर दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सरकार द्वारा गुरुग्राम और नूंह में 11-पावर प्राइवेट लिमिटेड को बिजली वितरण का पैरेलल लाइसेंस देना निजीकरण की दिशा में एक बेहद घातक कदम है। डीएचबीवीएन को अपना लगभग एक-तिहाई राजस्व अकेले गुरुग्राम से मिलता है। इस मुनाफे वाले क्षेत्र को निजी कंपनियों के हाथों में सौंपने से सरकारी निगम की आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमरा जाएगी। शुक्रवार को यह टिप्पणी बरोदा हलका के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने की। वे गोहाना में बिजली कर्मचारियों के धरने को अपना समर्थन देने पहुंचे थे। विधायक ने कहा कि इसके पीछे भाजपा सरकार एक बड़ी साजिश एग्री डिस्कॉम को अलग करने की भी है, ताकि किसानों के हिस्से की बिजली और उनको मिलने वाली सब्सिडी धीरे-धीरे खत्म की जा सके। प्राइवेट कंपनियां सिर्फ मुनाफे के लिए काम करेंगी और उनकी आपूर्ति केवल उद्योगों, मॉल्स और शहरी इलाकों तक सीमित रह जाएगी। ऐसे में मुनाफे वाले क्षेत्र छिन जाने के बाद, बिना पर्याप्त राजस्व के सरकारी विभाग के लिए ग्रामीण, किसानों और गरीब उपभोक्ताओं तक बिजली पहुंचाना लगभग असंभव हो जाएगा, जिससे एक बड़ी आबादी ऊर्जा संकट में फंस सकती है। मुनाफाखोरी की इस नीति से न सिर्फ जनता परेशान होगी, बल्कि हजारों बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों पर भी छंटनी की तलवार लटक जाएगी।

बिजली स्टेशनों पर अध्यापकों की ड्यूटी का विरोध

गोहाना। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान नरेंद्र चहल ने कहा कि अध्यापक संघ बिजली स्टेशनों पर अध्यापकों की लगाई जा रही ड्यूटियों का विरोध करता है और प्रदेश के अध्यापकों से भी आह्वान करता है कि कोई भी अध्यापक ऐसी किसी भी जोखिम वाली जबरदस्ती लगाई गई ड्यूटी में शामिल ना हों और अपने विद्यालयों में ही अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। नरेंद्र चहल ने कहा कि प्रदेश का प्रत्येक अध्यापक निजीकरण के खिलाफ है चाहे वह बिजली बोर्ड हो या शिक्षा हो। शिक्षकों की इस प्रकार की ड्यूटी लगाना जिसका उनके पास कोई अनुभव ही नहीं है ऐसे में जान-माल का जोखिम है और कोई भी हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ बिजली कर्मचारियों की हड़ताल का पुरजोर समर्थन करते हुए हरियाणा सरकार से मांग करता है कि निजीकरण का फैसला तुरंत प्रभाव से वापस लेकर प्रदेश की जनता को राहत प्रदान की जाए और अन्य विभागों के कर्मचारियों की इस प्रकार की ड्यूटी लगाकर उनकी जान को जोखिम में न डाला जाए।

बिजली कर्मियों की हड़ताल को दहिया खाप व इनेलो का समर्थन

खरखौदा। हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस बीच किसान यूनियन, सरपंच संगठन, दहिया खाप और इनेलो पार्टी के लोगों ने भी धरने पर पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। बिजली कर्मचारी गुरुग्राम और नूंह में 11 पावर कंपनियों को पैरेलल लाइसेंस देने के सरकार के फैसले का विरोध कर रहे हैं। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर तीन दिवसीय हड़ताल की जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि सरकार के इस फैसले से बिजली व्यवस्था और कर्मचारियों के हित प्रभावित हो सकते हैं। प्रदर्शन की अध्यक्षता अजीत जेई ने की।



धरने में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के किसान नेता भी होंगे शामिल

हाईटेंशन लाइनों से पीड़ित किसानों ने लघु सचिवालय के गेट पर धरना देकर जताया रोष

■ कमेटी का निर्णय 27 अक्टूबर से प्रदेशभर के किसान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के लोकसभा क्षेत्र के पानीपत जिले में डालेंगे पड़ाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। सोनीपत लघु सचिवालय के गेट पर हाईटेंशन लाइनों के उचित मुआवजे की मांग पर धरना देते किसान।

बिजली की हाईटेंशन लाइनों से पीड़ित किसानों का गोहाना रोड स्थित लघु सचिवालय पर पड़ाव दूसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार शाम को कमेटी के सदस्यों ने निर्णय लिया कि 27 अक्टूबर से प्रदेशभर के हजारों किसान एकत्रित होकर बिजली की हाईटेंशन लाइनों के उचित मुआवजे के लिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के लोकसभा क्षेत्र के पानीपत जिले में पड़ाव डालेंगे। जिसमें हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के किसान नेता भी शामिल होंगे। शुक्रवार को अलग-अलग किसान संगठनों के नेताओं ने संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले धरने पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। जिसमें सीलक राम मलिक, ब्रह्मप्रकाश दहिया, श्रदांनद सोलंकी शामिल रहे।

किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने किसानों की मांग को जायज मानते हुए मार्केट रेट निकालने के लिए नई पॉलिसी जारी की और 7 अक्तूबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों को मांग पूरी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक किसानों की मांग पूरी नहीं हुई है। प्रशासन बार-बार किसानों को गुमराह कर रहा है। किसान नेताओं ने बताया कि हाईटेंशन लाइनों से पीड़ित किसान 3 महीने से अधिक समय से धरने पर बैठे हैं। 29 सितंबर को सोहटी में किसानों की पंचायत हुई थी, जिसमें हजारों किसान शामिल हुए थे, लेकिन जिला प्रशासन चीफ सेक्रेटरी को यह कहकर गुमराह कर रहा है कि सोनीपत जिले में हाईटेंशन लाइनों का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। किसान नेताओं ने चेताया कि पावरग्रिड के अधिकारी व कर्मचारी किसानों को उचित मार्किट वैल्यू के अनुसार मुआवजा दिए बगैर खेतों में घुसने की कोशिश न करें। जब तक किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। किसान नेताओं ने धरने से बिजली कर्मचारियों की 3 दिवसीय हड़ताल का समर्थन किया और कहा कि सरकार को बिजली कर्मचारियों की मांगों को मानना चाहिए। बिजली के निजीकरण पर रोक लगानी चाहिए।

ये मौजूद रहे

इस दौरान बेदी दहिया, शक्ति दहिया, इंद्रजीत राणा, सुंदर दास, समुंद्र राणा, दयानंद दहिया, सतबीर गहलावत, देवेंद्र गहलावत, रविंद्र मलिक, बलराज गहलावत, युद्धविंद्र मेहला, अशोक सहरावत मौजूद रहे।



गोहाना। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए विधायक इंदुराज नरवाल।

रक्तदान करना मानवता का कार्य : इंदुराज

गोहाना। शुक्रवार को शहीद भगत सिंह युवा क्लब आहुलाना द्वारा शहर में महम मार्ग स्थित गुढ़ा चौक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। क्लब का यह 26वां रक्तदान शिविर जिसमें 53 लोगों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। अध्यक्षता नवीन मलिक ने की। बरोदा हलका के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना एक मानवता का कार्य है। हम रक्तदान करके किसी व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। विधायक ने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाजसेवा में आगे आएं। वे अपनी ऊर्जा को शिक्षा और खेलों के साथ समाजसेवा में लगाएं। युवा अपने सहयोग से एक उत्कृष्ट समाज का निर्माण करने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

न्यूज डायरी



एसआईआर के तहत लंबित दावों व आपत्तियों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश

सोनीपत। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के उपरांत उपायुक्त नेहा सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लंबित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित करें। एसआईआर प्रक्रिया के तहत प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सभी आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फॉर्म छह, फॉर्म सात और फॉर्म आठ के तहत प्राप्त दावों एवं आपत्तियों के लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा। इस दौरान सीटीएम सिमरन व निर्वाचन तहसीलदार दिनेश शर्मा मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को करियर निर्माण के लिए विभिन्न विकल्पों से करवाया अवगत

खरखौदा। कल्पना चावला विद्यापीठ में शुक्रवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रोफेसर डॉ. अशोक पांचाल ने विद्यार्थियों को उनके विषयों, रुचि एवं योग्यता के अनुसार भविष्य में सही करियर चुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। डॉ. अशोक पांचाल ने विद्यार्थियों को साइंस, कॉमर्स एवं आर्ट्स तीनों स्ट्रीम के अनुसार उच्च शिक्षा और करियर के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी। साइंस स्ट्रीम के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, फार्मेसी, कंप्यूटर साइंस एवं डेटा साइंस जैसे क्षेत्रों के बारे में बताया गया। कॉमर्स स्ट्रीम के विद्यार्थियों को बी.कॉम., बी.बी.ए., चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए), कंपनी सेक्रेटरी (सीएस), बैंकिंग एवं फाइनेंस जैसे विकल्पों से अवगत कराया गया।





नेशनल वुशु चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता दीपक का किया स्वागत

खरखौदा। प्रताप मेमोरियल स्कूल के खिलाड़ियों ने 70 वीं स्कूल नेशनल वुशु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, प्रदेश और देश का नाम रोशन किया। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल के खिलाड़ी दीपक ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं, आदित्य ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शानदार उपलब्धि हासिल कर स्कूल लौटने पर दोनों खिलाड़ियों का विद्यालय में स्कूल प्रबंधन समिति, प्राचार्य दया दहिया, अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया तथा कोच विनोद गुलिया ने भव्य स्वागत किया और खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। प्राचार्य दया दहिया ने कहा कि शिक्षा और खेल के बीच संतुलन बनाकर विद्यार्थी जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी लगन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि प्रताप स्कूल के वुशु खिलाड़ी अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 31 तथा राष्ट्रीय स्तर पर 269 पदक जीतकर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ा चुके हैं। खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, प्रशिक्षकों, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन को दिया।

शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल को विकसित करने व शिक्षण प्रक्रिया को बेहतर बनाने पर दिया जोर

■ साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय सीबीपी कार्यशाला में 14 विद्यालयों के शिक्षकों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। सोनीपत के साउथ प्वाइंट स्कूल में आयोजित कार्यशाला में प्राचार्य भावना कालरा व प्रतिभागी शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में हिंदी विषय के शिक्षकों के लिए दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (सीबीपी) कार्यशाला का आयोजन किया गया। हिंदी कोर्स-ए (माध्यमिक स्तर) पर आधारित कार्यशाला में 14 विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य हिंदी शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने, शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल को विकसित करने और शिक्षण प्रक्रिया को बेहतर बनाने पर केंद्रित रहा। कार्यशाला की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य भावना कालरा ने की। कार्यशाला में डीएवी सेंटेनरी स्कूल, दिल्ली के पीजीटी हिंदी वीरेंद्र सिंह, गोल्डन हैरियर स्कूल की पीजीटी हिंदी सोनिया अत्री ने संसाधन व्यक्तियों के रूप में भाग लिया। उन्होंने हिंदी विषय के शिक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल, साउथ प्वाइंट वर्ल्ड स्कूल, टीडीआई इंटरनेशनल स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, स्वास्तिक कॉन्वेंट स्कूल, जेकेपी इंटरनेशनल स्कूल, द गोल्डन एरा स्कूल, सीसीएएस जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ईश्वर इंटरनेशनल स्कूल, जैन विद्या मंदिर स्कूल, गेटवे इंटरनेशनल स्कूल और मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स, राई के शिक्षकों ने भाग लेकर प्रभावी शिक्षण के तरीके सीखे। साउथ प्वाइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को नई शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में सहायक होते हैं।

शिक्षकों का निरंतर सीखते रहना आवश्यक

वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने बताया कि हिंदी हमारी भाषा और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हिंदी शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों और प्रभावी तरीकों से जोड़ना, विद्यार्थियों में भाषा के प्रति रुचि विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्राचार्य भावना कालरा ने कहा कि शिक्षकों का निरंतर व्यावसायिक विकास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारशिला है। डायरेक्टर डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए शिक्षकों का निरंतर सीखते रहना आवश्यक है।



छात्राओं को विभिन्न योगासन एवं ध्यान क्रियाओं का करवाया अभ्यास

खरखौदा। सवित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय, खरखौदा में महिला प्रकोष्ठ की ओर आयोजित 10 दिवसीय योग एवं ध्यान शिविर शुक्रवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान योग एवं ध्यान प्रशिक्षक यशपाल आर्य तथा पंकज ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और एकाग्रता में वृद्धि होती है। योग तनाव को कम करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में भी सहायक है। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. सुषमा देवी ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. दर्शना, डॉ. ममता तथा डॉ. अनीता ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के सदस्यों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा दैनिक जीवन में योग एवं ध्यान को शामिल करने के लिए प्रेरित किया।



सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

सोनीपत। टीकाराम कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को एनसीसी, एनएसएस, वाईआरसी एवं ह्यूमन राइट्स सोसाइटी सेल की ओर से टीम सिविल डिफेंस ट्रेनिंग के सहयोग से सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सिविल डिफेंस की टीम ने छात्राओं को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, अग्नि सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण दिया। छात्राओं से विभिन्न गतिविधियों का अभ्यास करवाकर आपात स्थिति में किए जाने वाले उपायों की व्यवहारिक जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. डॉ. ऊषा दहिया ने कहा कि इस प्रकार का प्रैक्टिकल प्रशिक्षण छात्राओं को आत्मनिर्भर और सजग नागरिक बनाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिविल डिफेंस के स्टोर सुपरिटेंडेंट एवं इंचार्ज संदीप, इंस्ट्रक्टर रिंकू, बुद्धराम, सोनम, रितु, डिवीजन वार्डन संदीप बत्रा बतौर प्रशिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी सीटीओ दीपशिखा, एनएसएस यूनिट-2 कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा राठी, यूनिट-1 से डॉ. दिव्या, युवा रेडक्रॉस अधिकारी डॉ. सविता, ह्यूमन राइट्स सोसाइटी सेल की संयोजिका डॉ. उपासना के नेतृत्व में किया गया।



कुलपति ने दीक्षांत समारोह की तैयारियों का लिया जायजा



गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में 26 अक्टूबर को आयोजित होने वाले चतुर्थ दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कुलपति प्रो. सुदेश ने कार्यक्रम स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समारोह को सफल बनाने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।प्रो. सुदेश ने कहा कि दीक्षांत समारोह विवि के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस समारोह में छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। प्रो. सुदेश ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने दायित्वों के अंतर्गत आने वाली सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक कार्य निर्धारित समय पर तथा बेहतर समन्वय के साथ पूरा हो। कुलपति प्रो. सुदेश ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे।

सर्वोच्च माता पुरस्कार प्रतियोगिता में मीनू प्रथम



गोहाना। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को गोहाना खंड की माताओं के लिए खंड स्तरीय सर्वोच्च माता पुरस्कार योजना के तहत प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोषण, टीकाकरण और संतुलित आहार से संबंधित जानकारी का आकलन करने के लिए सर्कल स्तर की इस प्रतियोगिता के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में गांव गढ़ी उजाले खां की मीनू ने प्रथम, गढ़ी सराय नामदार खां की भारती ने द्वितीय और गोहाना की रेनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुशीला देवी ने की। माताओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए टीकाकरण, संतुलित आहार और पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं को आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनवाने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस मौके पर डा. चक्रवर्ती शर्मा, सुपरवाइजर इंद्रावती, सविता, पूनम, रेखा व सविता मौजूद रहे।

स्वच्छ पर्यावरण के लिए टिकाऊ तरीकों पर छात्राओं को किया जागरूक

सोनीपत। गीता विद्या मंदिर कन्या महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग की ओर से इको-क्लब और अपशिष्ट प्रबंधन समिति के सहयोग से स्वच्छ पर्यावरण के लिए टिकाऊ तरीके विषय पर आयोजित 3 दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक तरीके से कचरा प्रबंधन, इलेक्ट्रॉनिक कचरे के सुरक्षित निपटान व जैविक कचरे के सदुपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी, प्राचार्य डॉ. मंजुला स्पाह, विज्ञान संकाय की डीन डॉ. अनीता सैनी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यशाला के अंतर्गत छात्राओं को काशीविहोम वर्मीफार्म का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। छात्राओं ने केंचुआ खाद बनाने की प्रक्रिया, जैविक कचरे के अपघटन, केंचुओं की सहायता से कचरे को पोषक तत्वों से भरपूर खाद में बदलने की विधि को व्यावहारिक रूप से समझा। दूसरे दिन उत्तर प्रदेश के मेरठ स्थित आईआईएमटी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज की डीन एवं वरिष्ठ प्रोफेसर विनीता शुक्ला ने इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। अंतिम दिन केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा के पर्यावरण अध्ययन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अनूप यादव ने ऑनलाइन माध्यम से छात्राओं को केंचुआ पालन और केंचुआ खाद निर्माण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यशाला में प्राणीशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. तमन्ना कुमारी, सुमन, डॉ. दीपिका, सिमरन मौजूद रही।

एसआईआर का विरोध : किसान मोर्चा ने रोष मार्च निकाल



सोनीपत। संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर शुक्रवार को सोनीपत में प्रदर्शन किया गया। पंचायत भवन में सभा के बाद किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन सौंपा। सभा की अध्यक्षता कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी व मंच संचालन कामरेड ईश्वर सिंह राठी ने किया। ज्ञापन में एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और मतदाता सूची से बाहर किए गए 13 करोड़ 41 लाख मतदाताओं को दोबारा शामिल करने की मांग उठाई गई। इसके अलावा हाईटेंशन बिजली लाइनों से प्रभावित किसानों को पूरा मुआवजा देने की मांग भी की गई। इस दौरान ईश्वर सिंह दहिया, शीलक राम मलिक, भगत सिंह बल्हारा, ब्रह्म सिंह दहिया, सुनीता कुमारी, कपिल देव और ऋतुराज सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

26 अक्टूबर तक आयोजित चार दिवसीय समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु शामिल हो रहे

आध्यात्मिक जागृति और मानवता के संदेश के साथ 79वें निरंकारी संत समागम का आगाज

■ प्रत्येक व्यक्ति को घर, परिवार, समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर





गन्नौर। समागम में मानवता का संदेश देती सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज, भरतनाट्यम की प्रस्तुति देते निरंकारी इंस्टीट्यूट आफ म्यूजिक एंड आर्ट्स के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

संत निरंकारी मिशन की ओर से भोड़वाल माजरी में शुक्रवार को 79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का आध्यात्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ शुभारंभ किया गया। 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित इस चार दिवसीय समागम में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। प्रथम दिवस मानवता के नाम संदेश में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने कहा कि वास्तविक जागृति तभी आती है, जब मनुष्य हर पल परमात्मा की उपस्थिति का एहसास करते हुए आध्यात्मिकता को जीवन में धारण करता है। सतगुरु माता ने कहा कि संत समागम का उद्देश्य मानव मन में आध्यात्मिक जागृति बनाए रखना है। प्रत्येक व्यक्ति को घर, परिवार, समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। जाति, भाषा, क्षेत्र और स्वभाव के अंतर से ऊपर उठकर प्रत्येक इंसान को प्रेम, सम्मान और अपनत्व के साथ स्वीकार करना ही सच्ची मानवता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जागृति केवल विचारों या दिखावे तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि व्यवहार, आचरण और सामाजिक जिम्मेदारियों में भी दिखाई देनी चाहिए। परिस्थितियां कैसी भी हों, परमात्मा की रजा स्वीकार करते हुए जीवन को प्रसन्नता, संतोष और कृतज्ञता के साथ जीना ही सच्ची आध्यात्मिकता है। समागम स्थल पर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज और निरंकारी राजपिता रमित का स्वागत किया गया। इसके बाद पुष्पों से सुसज्जित खुली पालकी में उन्हें मुख्य मंच तक ले जाया गया। निरंकारी इंस्टीट्यूट आफ म्यूजिक एंड आर्ट्स के 600 से अधिक विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम और स्वागत गीत प्रस्तुत किए।

डीडी (टीआर) ने सीधी बिजाई का किया निरीक्षण



गोहाना। पंचकूला से आए डीडी (टीआर) डॉ. सर्वजीत सिंह ने शुक्रवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीम के साथ खेतों में जाकर धान की सीधी बिजाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण का प्रमुख उद्देश्य फसल की जांच करना था ताकि पात्र किसानों के खातों में सरकार द्वारा दिया जाने वाले अनुदान की प्रक्रिया जल्दी पूरी की जा सके। प्रदेश सरकार द्वारा धान की सीधी बिजाई करने पर किसान को 45 सौ रुपये प्रति एकड़ अनुदान राशि दी जाती है। यह प्रक्रिया जल्द पूरी हो सके इसके लिए डीडी (टीआर) डॉ. सर्वजीत सिंह ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीम के साथ गांव तिहाड़ मलिक, गोहाना, बरोदा, खानपुर खुर्द, कैहल्पा, कथूरा, बनवासा, मैंसवान खुर्द, रिंढाणा और मदीना गांवों में जाकर धान की सीधी बिजाई वाली फसलों का निरीक्षण किया। डीडी (टीआर) की रिपोर्ट के आधार पर ही किसानों को उक्त अनुदान प्राप्त हो सकेगा। इस अवर पर एसएमएस डॉ. सितेंद्र मलिक, बीएओ डॉ. संजीत मलिक, डॉ. जैनेन्द्र, डॉ. कुलदीप, एडीओ डॉ. राकेश, एसए आशुतोष, एटीएम कृष्ण खासा, सुपरवाइजर हर्षद, सुरेंद्र, दीपक, श्रीभगवान, सुमित, फील्डमेन ललित, लोकेश और सर्वेयर राजेश उपस्थित रहे।

Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

DIWALI DHAMAKA SALE

ON SHOPPING OF ₹6999 & ABOVE
2KG
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

24 Oct to 08 Nov

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
1LTR
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

SONIPAT

FLAT 25% OFF
REAL FRUIT JUICE GREETINGS - GIFT PACK AND MORE.

BUY GET 1
MCVITIE'S GIFT PACK- NUTRAJ DRY FRUITS& MORE.

UPTO 66% OFF
FRESCA JUICE - CELEBRATING SATMOLA RASGULLA - SOAN PAPDI

BUY GET 1
HALDIRAM'S BESAN LADOO & PANJEERI LADOO

UPTO 50% OFF
RICH CRAFT CROCKERY

GOHANA

BUY GET 1
BTW - SOAN PAPDI - PISTA - RASGULLA

BUY GET 1
MANIA CELEBRATION GIFTS

BUY GET 1
UNIBIC / MOHANS GIFT PACK - COOKIES - BISCUITS - CHOCOLATE & MORE.

UPTO 50% OFF
CELLO GLASS - BOTTLES - MR.COOK HOME APPLIANCES

UPTO 40% OFF
LUMINARC/ROXX CROCKERY AND GLASSWARE

UPTO 40% OFF
ARCH FAB BED SHEETS - TOWEL

UPTO 50% OFF
MILTON MAYUR - WATER BOTTLES - TIFFEN AND MORE

Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur,
Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555

Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road,
Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.